आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.10.2025 समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना ने नई दिल्ली में प्रतिनिधिमंडल वार्ता की।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा–भारत नियम आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुरानी वैश्विक संरचनाओं में सुधार का पक्षधर है।
- पर्यटन निदेशालय ने मौजूदा स्कूबा डाइविंग दिशानिर्देशों में संशोधन के लिए सुझाव आमंतित्र किया है।
- अंडमान एवं निकोबार बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा, ओपन स्टेट प्राइज मनी बैडमिंटन चैम्पियनशिप एवं चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना ने आज नई दिल्ली में शिष्टमण्डल स्तर की वार्ता की। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने मानवीय सहायता, मंगोलिया में धरोहर स्थल के जीर्णोद्धार, आव्रजन, भू–विज्ञान और खनिज संसाधनों में सहयोग, सहकारिता को बढावा देने और डिजिटल समाधान साझा करने के बारे में समझौता ज्ञापनों का आदान प्रदान किया। इस अवसर पर साझा विरासत के प्रतीक के रूप में श्री मोदी और श्री उखना ने एक स्मारक टिकट भी जारी किया। संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने मंगोलिया के नागरिकों को निशुल्क ई–वीजा देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि भारत, मंगोलिया से युवा सांस्कृतिक दूतों की वार्षिक भारत यात्रा को प्रायोजित करेगा। श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के संबंध केवल राजनयिक आधार पर नहीं बल्कि इनके बीच आध्यात्मिक और भावपूर्ण संबंध भी हैं। उन्होंने कहा कि मंगोलिया में बौद्ध धर्म के विकास में नालंदा विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत मंगोलिया के विकास में एक भरोसेमंद साझेदार रहा है। इस अवसर पर मंगोलिया के राष्ट्रपति उखना ने तेल रिफायनरी परियोजना में पूर्ण सहायता के लिए भारत और प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल सहयोग में समझौता ज्ञापन भी दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक समझौता है। इससे पहले, मंगोलिया के राष्ट्रपति राजघाट गए और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किये। श्री उखना चार दिन की भारत यात्रा पर हैं।

<><><><><><>

संयुक्त राष्ट्र में सैन्य सहयोग करने वाले देशों के प्रमुखों का सम्मेलन आज नई दिल्ली में शुरू हुआ। भारतीय सेना तीन दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी कर रही है। इसमें परिचालन संबंधी चुनौतियों, नए खतरों, श्रेष्ठ पद्धतियों को साझा करने और भविष्य की शांति स्थापना के बारे में विचार विमर्श किया जा रहा है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत पुरानी हो चुकी अंतर्राष्ट्रीय संरचनाओं में सुधार का समर्थन कर रहा है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत भारत ने किफायती, स्वेदशी प्रौद्योगिकियां विकसित की हैं जिससे शांति स्थापना मिशनों को मजबूती मिलेगी। श्री सिंह ने कहा कि शांति स्थापना में एक प्रेरणादायक बदलाव महिलाओं की बढती भागीदारी है। रक्षामंत्री ने कहा कि भारत अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा कायम रखने में संयुक्त राष्ट्र के साथ दृढ़ता के साथ खड़ा है। इस अवसर पर सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने उन्नत प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने, त्वरित तैनाती क्षमता बढाने और सैन्य सहयोग करने वाले देशों के बीच पारस्परिक सहयोग मजबूत करने पर बल दिया।

<><><><><><>

सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि आंध्रप्रदेश में गूगल द्वारा घोषित नये गीगावॉट स्केल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई केन्द्र से भारत के एआई मिशन के लक्ष्य को हासिल करने में बहुत सहायता मिलेगी। गूगल ने आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टणम में गीगावॉट स्केल आर्टिफिशियल इंटिलीजेंस–एआई केन्द्र बनाने के लिए अगले पांच साल में पन्द्रह अरब अमरीकी डॉलर का बडा निवेश करने की घोषणा की। यह अमरीका से बाहर गूगल का सबसे बडा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केन्द्र है। नई दिल्ली में भारत एआई शक्ति कार्यक्रम में श्री वैष्णव ने कहा कि यह एआई केन्द्र भारत के एआई मिशन में कई तरह से योगदान करेगा।

<><><><><><>

जैसलमेर से जोधपुर जा रही एसी स्लीपर बस में आज दोपहर अचानक आग लग गई। बचने के लिए यात्री चलती बस से कूद गए। हादसे में 8 से 10 लोगों की मौत और 14 लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें जोधपुर मेडिकल कॉलेज रैफर किया गया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गहरा दुख जताया है, जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं।

<><><><><><>

पर्यटन निदेशालय मौजूदा स्कूबा डाइविंग दिशानिर्देशों में संशोधन की प्रक्रिया में है ताकि संचालन को सुव्यवस्थित किया जा सके और उन्हें अंतर्जलीय साहसिक पर्यटन में अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप

बनाया जा सके। इस पहल के तहत, निदेशालय ने प्रमुख गोताखोरी प्रशिक्षण एवं प्रमाणन एजेंसियों के साथ विस्तृत परामर्श किया है। विशेषज्ञ निकायों से प्राप्त बहुमूल्य सुझावों और सूचनाओं पर संशोधनों का मसौदा तैयार करते समय विधिवत विचार किया गया है। पारदर्शिता और व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संशोधित दिशानिर्देशों का मसौदा अब 30 दिनों की अवधि के लिए सार्वजनिक डोमेन में रखा जा रहा है। निदेशालय पंजीकृत गोताखोरी केंद्रों, संचालकों, आम जनता और संबंधित विभागों सहित सभी हितधारकों से प्रतिक्रिया, टिप्पणियाँ और सुझाव आमंत्रित करता है ताकि दिशानिर्देशों को और अधिक व्यापक और व्यावहारिक बनाया जा सके। सभी प्रतिक्रियाएँ और सुझाव चौदह नवम्बर के भीतर सूचना, प्रसार एवं पर्यटन निदेशालय, श्री विजयपुरम को प्रस्तुत किया जा सकता हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुए जीएसटी बचत उत्सव से पूरा देश लाभान्वित हो रहा है। आज पेश है–जम्मू–कश्मीर में विभिन्न उद्योगों को सशक्त बनाने के बारे में एक रिपोर्टः–

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में एक और दो नवंबर को अंडमान एवं निकोबार बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा, अंडमान और निकोबार स्टेट ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से ओपन स्टेट प्राइज मनी बैडमिंटन चैम्पियनशिप एवं चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। यह प्रतियोगिता अंडर–19, अंडर–17 और अंडर–15 वर्गों में होगी। चयनित खिलाड़ी अरुणाचल प्रदेश में आयोजित होने वाले जूनियर नेशनल चैंपियनशिप और भुवनेश्वर में सब जूनियर नेशनल में भाग लेंगे। विजेताओं को सिंगल्स में दो हजार रूपए और डबल्स में चार हजार रूपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतिभागी अटठाईस अक्टूबर तक गूगल फॉर्म से अपनी प्रविष्टियाँ भेज सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 9679500691 या 9531916580 पर संपर्क करें।

<><><><><><><>

अंडमान लोक निर्माण विभाग का अड़सठवां स्थापना दिवस कल प्रियदर्शिनी सभागार, कार निकोबार में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। निकोबार जिले के उपायुक्त, श्री अमित काले, ने समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में निकोबार जिले में प्रमुख विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन और रखरखाव में एपीडब्ल्यूडी के सराहनीय प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान, मुख्य अतिथि ने निर्माण प्रभाग के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया। निकोबार जिला पुलिस अधीक्षक,

राहुल एल. नायर, और जनजातीय परिषद के सचिव, मार्टिन लूथर, कार निकोबार ने स्थापना दिवस समारोह के तहत आयोजित विभिन्न खेल और मनोरंजक कार्यक्रमों के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम की शुरुआत एपीडब्ल्यूडी, कार्यकारी अभियंता, आकाश किशन के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने 2004 की सुनामी के बाद बुनियादी ढाँचे को बहाल करने में प्रभाग की महत्वपूर्ण भूमिका और कार निकोबार में सड़कों, भवनों, जल आपूर्ति और बंदरगाह संबंधी कार्यों के विकास में इसके निरंतर योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभाग के कर्मचारियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत रेवेन्यू विभाग की टीम गांवों में जाकर किसानों से उनके जमीन के दस्तावेज, लीगल हायर म्यूटेशन तथा लैंड टैक्स कलेक्ट कर रही है। आज गांधी नगर और शास्त्री नगर में रेवेन्यू विभाग द्वारा यह कार्यक्रम किया गया। कल लक्ष्मी नगर पंचायत में यह कार्य किया जाएगा।

<><><><><><><>